राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे :मर्सकोले

जिला कांग्रेस कार्यालय में पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

मंडला, देशबन्धु। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी मंडला द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय मण्डला में स्व. राजीव गांधी के तेल चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले ने स्व. राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजीव गांधी का नाम इतिहास के पन्नों में एक दूरदर्शी नेता के रूप में अंकित है। राजीव गांधी को विश्वास था कि भारत का भविष्य प्रौद्योगिकी आधुनिकीकरण उत्पादकता और सामाजिक न्याय के तीव्र विस्तार पर निर्भर है। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री में सातवीं पंचवर्षीय योजना में उत्पादन, रोजगार सुजन,और उत्पादन वृद्धि को प्राथमिकता दी। राजीव के कार्यकाल में नई कंप्यूटर नीति लागू हुई।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत ने कहा कि राजीव गांधी ने समग्र विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए अन्य इलाकों में हरित क्रांति लागू करने की योजना बनाई उन्होंने गरीबी के बोझ से मुक्त देश के रूप में भारत को 21वीं सदी में ले जाने का सपना संजोया था। राजीव जी के कार्यकाल में ही देश में नई कंप्यूटर नीति लागू की गई जिसे बैंकों और मानवीय गतिविधियों के अनेक क्षेत्रों पर्याप्त प्रोत्साहन दिया ।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने बताया कि राष्ट्र निर्माण में राजीव का युवाओं पर था गहरा विश्वास राजीव गांधी कुशासन और कार्यक्रम की असफलता की अत्यधिक आलोचना करते थे, राजीव गांधी का युवाओं पर गहरा विश्वास था और उन्हें राष्ट्र निर्माण के कार्य में युवाओं से बड़ी आशाएं थी। भारतीय युवाओं में राजनीतिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की भावना निभाने की उद्देश्य से संविधान में संशोधन करके मतदान की आयु 21 से घटकर 18 वर्ष कर दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष एड रजनीश रंजन उसराठे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी दीपेश बाजपेई, एड संजय चौरसिया, महेंद्र चंद्रोल, बसंत मरावी, संतोष सोनू भल्लावी, आशीष आशु जैन, डॉ.भारती, विवेक दुबे आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

फसल ऋणमानों में एसएलटीसी के निर्णय अनुसार ऋण वितरण करें : कलेक्टर

मंडला, देशबन्धु। सहकारिता की ऋण उपसमिति की बैठक कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि फसल ऋणमानों में एसएलटीसी के निर्णय अनुसार ऋण वितरण करें। उन्होंने कहा कि खरीफ की फसल का सीजन आ रहा है, इसलिए किसानों की ओर से प्राप्त ऋण आवेदनों को प्राथमिकता से लें। बैठक में ऋण वितरण, ऋणी सदस्यों की अल्पकालिक फसल ऋण हेतु क्रेडिट लिमिट, पशुपालकों को पशुपालन के लिए कार्यशील पूंजी स्वीकृति, समितियों से प्राप्त मध्यकालीन ऋण आवेदन, ट्रेक्टर ऋण आवेदन, व्यक्तिगत ऋण आवेदन तथा बी- पैक्स मेंहदवानी में कोदो- कुटकी ग्रेडिंग- ट्रेडिंग प्रोजेक्ट हेतु ऋण स्वीकृति के विषय में चर्चा की गई। बैठक में सहकारिता के अधिकारी-कर्मचारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

सीईओ जनपद पंचायत नैनपुर ने खेत तालाब का निरीक्षण किया

मण्डला, देशबन्धु। मंडला जिले के जनपद पंचायत नैनपुर के ग्राम खिरसारी में हितग्राही श्री प्रीतम ठाकुर के खेत में खेत-तालाब का निर्माण किया जा रहा है। जिससे प्रीतम ठाकुर अपने खेत-तालाब में मछलीपालन, सब्जी उत्पादन व खेतों में सिंचाई कर सके। श्री प्रीतम ठाकुर के लिए खेत-तालाब का निर्माण कार्य प्रारंभ है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नैनपुर श्री विनोद मरावी ने बुधवार को हितग्राही श्री प्रीतम ठाकुर के खेत तालाब का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान प्रीतम ठाकुर से चर्चा की। श्री प्रीतम ठाकुर ने बताया कि उसके लिए खेत-तालाब निर्माण होने से वह बहुत प्रसन्न है। उसके खेत में तालाब का निर्माण होने से वह सब्जी का उत्पादन और मछली पालन करेगा।

सार-समाचार

पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मंडला में एकलव्य योजनांतर्गत नि:शुल्क प्रवेश

मण्डला, देशबनधु। प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मण्डला ने बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मण्डला में शासन की अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए अति महत्वाकांक्षी एकलव्य योजना संचालित है। इसके अंतर्गत तीन वर्षीय नियमित डिप्लोमा पाठ्यकम कम्प्यूटर साइंस इंजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेसन इंजी. तथा इलेक्ट्रिकल इंजी. नि:शुल्क प्रवेश प्रारंभ है। शासन द्वारा प्रवेश के लिए विस्तृत समय सारणी जारी की जा चुकी है। प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए 30 अप्रैल 2025 से 1 जून 2025 तक का समय निर्धारित किया है। किसी भी एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क में जाकर अपना पंजीयन एकलव्य योजनांतर्गत डिप्लोमा के लिए करा सकती है। अत: ऐसे अनुसूचित जनजाति परिवार की छात्राएं जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रू. कम हो, वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं तथा जिनके परिवार की आय उससे अधिक है, उन्हें प्रवेश के लिए शासन द्वारा निर्धारित फीस देय होगी।

कलेक्टर ने किया स्केटिंग रिंग और स्वीमिंग पूल का निरीक्षण

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इनडोर स्टेडियम में नवनिर्मित स्केटिंग रिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने क्रीडा अधिकारी से स्केटिंग के अभ्यास सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए रिंग के आसपास के परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस लाईन में बनाए गए स्वीमिंग पूल का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वीमिंग पूल में पानी के स्तर के लिए संकेतक लगाएं, तैराकों के लिए आवश्यक निर्देश के सूचना पटल लगवाएं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, रक्षित निरीक्षक श्री नागवंशी, क्रीडा अधिकारी श्री रविन्द्र ठाकुर सहित संबंधित उपस्थित थे।

मवई क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

मंडला, देशबन्धु। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोषी के निर्देशन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला तपन धारगा के मार्गदर्षन में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला द्वारा ग्राम पंचायत परसाटोला एवं ग्राम पौंड़ी मवई व आंगनबाड़ी केन्द्र परसाटोला में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती दीपिका तारन, पैरालीगल वॉलेंटियर पंकज चौरसिया, तारेन्द्र झारिया, सरपंच ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती दीपिका तारन ने विवाद विहीन ग्राम योजना, जिला विधिक परामर्ष केन्द्र योजना, पारिवारिक विवाद समाधान केन्द्र योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की। साथ ही नालसा द्वारा संचालित ै।ज्भ्प् ब्ंउचंपहद ;शैनतअमल वित ंकींत ंदक ।बबमे जव ज्तंबापदह - भ्वसपेजपब प्दबसनेपवदेश्द्ध योजना अंतर्गत राष्ट्रीय अभियान शुरू किया है। उक्त अभियान के अंतर्गत 18 वर्ष से कम आयु के वे बच्चे जिनके पास परिवार का समर्थन, संरक्षकता या आश्रय, सुरक्षा और देखभाल का कोई स्थिर स्त्रोत नहीं है जिनमें शामिल हैं- सड़कों पर, झुग्गी-झोपड़ियों में या रेलवे स्टेषनों में रहने वाले बच्चे, बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले/नहीं रहने वाले अनाथ बच्चे, परित्यक्त बच्चे या तस्करी, भीख मांगने, बाल श्रम से बचाए गए बच्चे अनौपचारिक आश्रयों या अपंजीकृत बाल देखभाल गृहों में रहने वाले बच्चे, लापता बच्चे जो बरामद हुए हैं और जिन्हें परिवार को नहीं सौंपा गया है या अन्य कोई बच्चे सम्मिलित है जिनके संबंध में ै।ज्भ्प् ब्ंउचंपहद के अंतर्गत उपरोक्तानुसार श्रेणी में आने वाले बच्चों के लिए (क) पैरालीगल वॉलेन्टियर्स, आशा एवं आगंनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम उपरोक्त श्रेणी में आने वाले बच्चों का सर्वेक्षण एवं पहचान की जानी है। (ख) यूआईडीएआई, बाल कल्याण समितियों और जिला प्रषासन के साथ समन्वय स्थापित कर उक्त श्रेणी में आने वाले बच्चों का बायोमेट्रिक नामांकन और आधार जारी कराया जाना है, (ग) बच्चों को विधिक सहायता एवं योजना संबंधी आरटीआई अधिनियम, किषोर न्याय अधिनियम, पोक्सो और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत अधिकारों से जोड़ने हेतु जानकारी उपलब्ध कराना।

घाट पर गंदगी और पॉलीथिन के उपयोग पर की चालानी कार्रवाई

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद मंडला के द्वारा माहिष्मती घाट एवं सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग एवं विक्रय करने साथ ही खुले में मांस मछली विक्रय करने पर चालानी कार्यवाही की गई। इस दौरान 11250 रूपये के चालान काटे गए साथ ही मांस मछली विक्रेताओं को समझाइए दी गई कि मांस मछली को ढक्कर रखें, खुले में काटकर विक्रय ना करें। समस्त व्यापारी लाइसेंस बनवाएं एवं नियमों का पालन करें। अध्यक्ष न.पा.परि. मण्डला श्री विनोद कछवाहा ने आम लोगों से अपील की है कि बाजार जाते समय कपड़े के थैले का उपयोग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग न करें, नगर के सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलायें, नर्मदा तट में पूजा पाठ से निकली निर्माल्य सामग्री को नर्मदा के जल में विसर्जित न करें। चालानी कार्यवाही श्री एस.सी. चौधरी, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, श्री सुनील लाहोरिया, श्री शिव धौलपुरिया, श्री पुष्पेन्द्र पाण्डेय वार्ड सुपरवाईजर के द्वारा की गई।

बम्हनी बंजर में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के लिए आयोजित की गई प्रशिक्षण कार्यशाला

मंडला, देशबन्धु। नगर परिषद बम्हनी में एसडीईआरएफ के प्लाटून कमाण्डर श्री हेमराज परस्ते एवं टीम द्वारा सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन गया। इस वर्कशॉप में नागरिक सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाएं, हवाई हमले के पूर्व, दौरान एवं बाद में करने वाली कार्यवाहियों, ब्लैकआउट की कार्यवाही में क्या करना चाहिए इमरजेंसी सायरन आदि को विस्तार से समझाया गया। इमरजेंसी के दौरान किस तरह विक्टिम को लिफ्ट करना, मूव करना, प्राथमिक उपचार, पट्टी बांधना, स्प्लिंट का उपयोग, इंप्रोवाइज मैथड से स्ट्रेचर बनाना, विक्टिम को स्टेबलाइजेड करना जैसे विषयों का प्रैक्टिकल कर बताया गया। अग्नि दुर्घटना, आग बुझाने के तरीके, अग्निशमन यंत्र के प्रकार एवं उपयोग करने का तरीका सहित अन्य आपदा उपकरणों की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष एवं वार्डो के पार्षद उपस्थित रहे।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

भुआ-बिछिया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी जोश सिंह ठाकुर , शिवानंद गोस्वामी , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, जिला सचिव टेकराम राय, मोहन ठाकुर, दादा भाई विश्वकर्मा , जनपद सदस्य मेवा धुर्वे , पार्षद विकास गवले, कलीराम मार्को, भोला यादव, ममता यादव, संपत यादव, हरिश्चंद्र धुर्वे, नत्थू लाल आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

एसडीएम ने किया जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण

मंडला, देशबन्धु। एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने मण्डला जनपद पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पद्मी, औघटखपरी और सुकतरा में नवीन खेत तालाब निर्माण कार्य, डगवेल रिचार्ज और अमृत सरोवर के निर्माण स्थल पर पहुंच कर प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत मण्डला के सहायक यंत्री, उपयंत्री, पंचायत सचिव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री जायसवाल 22 मई को जिला योजना समिति की बैठक लेंगे

मंडला, देशबन्धु। प्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल 22 मई 2025 को प्रात: 11:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार (योजना भवन) में जिला योजना समिति की बैठक लेंगे। आयोजित बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, लोक निर्माण विभाग (भवन), लोक निर्माण विभाग (सड़क), लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग), भवन विकास कार्पोरेशन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पेयजल), म.प्र. जल निगम के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल 22 मई 2025 को प्रात: 9 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर प्रात: 10:30 बजे मंडला आगमन कर माँ नर्मदा जी के दर्शन एवं पूजन करेंगे। आप प्रात: 11 बजे पदाधिकारियों से भेंट तथा 11:30 बजे कलेक्टर कार्यालय मंडला में बैठक, दोपहर 1 बजे सर्किटहाउस आगमन कर दोपहर 2 बजे मंडला जिले से डिंडौरी, राजेन्द्रग्राम होते हुए अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

मंडला जिले में मिशन नेत्र ज्योति अभियान बच्चों के लिए बना वरदान

मंडला, देशबन्धु। मध्यप्रदेश के मण्डला जिले में 'मिशन नेत्र ज्योति अभियान' पायलट प्रोजेक्ट ने 6 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए एक नई उम्मीद जगाई है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान के तहत प्रत्येक विकासखंड स्तर पर टीमों का गठन कर बच्चों की आँखों की जाँच की गई जिसमें 17 मोतियाबिंद से पीड़ित बच्चों की पहचान की गई। प्रथम चरण में इन बच्चों में से 11 बच्चों की मण्डला जिला चिकित्सालय में सफल सर्जरी की गई, जिससे उनके जीवन में नई रोशनी आई है। नेत्र व्याधि उनके कैरियर में बाधा नहीं बन सकेगी।

सफल सर्जरी से बच्चों को मिली मोतियाबिंद से मुक्ति- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मण्डला जिला चिकित्सालय में जन्मजात मोतियाबिंद से जूझ रहे बच्चों के लिए एक विशेष सर्जरी शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में बिछिया, मवई, निवास, मोहगांव, घुघरी और नैनपुर ब्लॉक के 17 बच्चों को चिन्हित किया गया। पहले चरण में 11 बच्चों को सफल सर्जरी के लिए जिला चिकित्सालय के वार्ड नंबर 52 में भर्ती किया गया। सर्जरी से पहले सभी आवश्यक जाँचें की गईं और मंगलवार को नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण अहरवाल द्वारा सभी बच्चों का सफल ऑपरेशन किया गया। इस सर्जरी के बाद, महिमा बघेल (7 वर्ष), तरूण मेश्राम (6 वर्ष), ज्योति मार्को (6 वर्ष), नीरज परते (14 वर्ष), अंकित (11 वर्ष), धर्मेन्द्र परस्ते (8 वर्ष), अक्ष यादव (8 वर्ष), शेख आर्यन (13 वर्ष), नकुल वरकड़े (15 वर्ष), साहिल मरकाम (10 वर्ष) और अंकित परस्ते (7 वर्ष) जैसे बच्चे अब मोतियाबिंद से मुक्त हो गए हैं। ये बच्चे अब अपनी आँखों को स्वस्थ होता देख रहे हैं। 26 मई को द्वितीय चरण में 6 बच्चों के मोतियाबिंद का होगा ऑपरेशन।

विशेषज्ञ टीम का योगदान- 19 मई को आयोजित इस शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण अहरवाल के साथ एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण उइके और डॉ. अनूप कुशराम भी शामिल थे। चिकित्सकीय टीम में हीरानंद चंद्रवंशी, संजय भोयर, नर्सिंग ऑफिसर वैशाली सहलाम, सूर्या पटेल और पूजा बर्मन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इन सभी ने मिलकर सफलतापूर्वक इन बच्चों की सर्जरी की। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते, सीएस डॉ. विजय सिंह धुर्वे, आरबीएसके प्रबंधक अर्जुन सिंह, आरबीएसके डॉक्टर और एएनएम भी उपस्थित रहे।

मोतियाबिंद : एक गंभीर नेत्र रोग, सर्जरी ही समाधान- नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण अहरवाल ने बताया कि मोतियाबिंद एक गंभीर नेत्र रोग है जो जन्मजात, चोट लगने या बढ़ती उम्र के कारण हो सकता है। यह लेंस में सफेदी या धुंधलेपन के कारण होता है, जिससे धुंधली दृष्टि, रंगों का फीका दिखना और रात में देखने में कठिनाई जैसी समस्याएँ होती हैं। डॉ. अहरवाल ने बताया कि सर्जरी ही मोतियाबिंद का एकमात्र प्रभावी समाधान है। इस सर्जरी के दौरान धुंधले प्राकृतिक लेंस को हटाकर उसकी जगह एक इंट्राओकुलर लेंस लगाया जाता है। सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते और सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने आम जनता से अपील की है कि मोतियाबिंद का समय पर इलाज न होने पर यह अंधापन का कारण बन सकता है। मिशन नेत्र ज्योति जैसी पहलें निश्चित रूप से ऐसे बच्चों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हैं।

मिशन नेत्र ज्योति से बच्चों के जीवन में आई नई रोशनी : कलेक्टर- मण्डला जिले में मिशन नेत्र ज्योति के सफल संचालन पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि मिशन नेत्र ज्योति पायलट प्रोजेक्ट मण्डला के बच्चों के लिए वरदान के रूप में उभरा है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि हमारे आदिवासी बहुल क्षेत्र के किसी भी बच्चे को मोतियाबिंद जैसी गंभीर बीमारी के कारण अपनी दृष्टि से वंचित न होना पड़े। मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता है कि इनमें से 11 बच्चों की जिला चिकित्सालय मण्डला में सफल सर्जरी की गई है, शेष 6 बच्चों की सर्जरी 26 मई 2025 को जिला चिकित्सालय में की जायेगी। इन बच्चों के जीवन में अब नई रोशनी आई है, और वे एक स्वस्थ भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। अब यह सभी सामान्य बच्चों की तरह अपनी पढ़ाई कर सकेंगे। उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम, स्वास्थ्यकर्मियों और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े सभी सदस्यों की सराहना की।